भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 4535
12 अगस्त, 2016 को उत्तर के लिए

आदर्श हाउसिंग सोसायटी

4535. प्रो. सौगत राय:

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उच्चतम न्यायालय ने आदर्श हाउसिंग सोसायटी, मुंबई के संबंध में कोई निदेश जारी किए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा उक्त निदेशों पर क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

रक्षा मंत्री (श्री मनोहर पर्रीकर)

(क) और (ख): जी, हां।

भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने एसएलपी सं. 12844-12846/2016 में अपने दिनांक 22.07.2016 के आदेश के माध्यम से निम्नलिखित निदेश जारी किए हैं :

"भारत संघ, आज से एक सप्ताह के भीतर प्रश्नगत भवन का कब्जा लेगा और यह कब्जा विशेष अनुमति याचिका के लंबित रहने के दौरान भारत संघ के पास बना रहेगा । भारत संघ भवन और भूमि जिस पर यह भवन खड़ा है, को हस्तगत करने के लिए यथापेक्षित आवश्यक कदम उठाएगा और यह सुनिश्चित करेगा कि इस भवन पर किसी के द्वारा चाहे कोई भी हो, अतिक्रमण न हो ।"

(ग) : माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में 'आदर्श' भवन का कब्जा दिनांक 29.07.2016 को ले लिया गया है ।

***